
ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन के नौ माह

ल्युसिल क्लिफ्टन

चित्र: एन ग्रिफालकोनी

हिंदी: इंदुजी





ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन के नौ माह

ल्युसिल क्लिफ्टन

चित्र: एन ग्रिफालकोनी

हिंदी: इंदुजी



माँ अब मिसेज़ पैरीं है और मज़े की बात है कि
मिस्टर टॉम पैरीं लगभग उसके पिता हैं
लेकिन उन्हें इस बात से कोई आपत्ति नहीं कि
ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन उनका नाम नहीं अपनाना चाहता.



“हम कोई भी नाम रखें
लेकिन हम जानते हैं कि
हमारे पास क्या है,”
मिस्टर पैरी मुस्कराते हैं.
“तुम्हारा स्नेह और वही पर्याप्त है.”



माँ के चेहरे पर एक नई मुस्कान है
और मिस्टर पैरी कुछ गुनगुनाते रहते हैं
और ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन सोचता हैं कि वह दोनों
इस तरह व्यवहार कर रहे हैं कि
कोई महत्वपूर्ण घटना घटने वाली है.





“ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन तुम मेरे जीवन की खुशी हो
तुम मेरे अपने प्रिय पुत्र हो
हमारी झोली में इतना प्यार है कि
किसी के साथ साझा करने भी नहीं घटेगा.
और क्या लगता है तुम्हें के अगर तुम्हारा
हो एक भाई जो तुम्हें करे प्यार और तुम भी करो उसे प्यार?
या एक बहन, क्या कहते हो ऐव्रेट्ट?



ऐव्रेट्ट देखता है माँ को सारा दिन
और सोने के समय माँ के कान में धीमे से कहता है,
“बहुत प्यार है हमारे पास, अपने लिए भी
और किसी के साथ साझा करने के लिए भी.”



घर नंबर 14A के भीतर कुछ पनप रहा है.
एक नर्म और स्नेही स्थान में कोई
विश्राम कर रहा है. माँ का चेहरा कितना
सौम्य लग रहा है. ऐव्रेट्ट कहना चाहता है कि
अगर वह फिर से शिशु के रुप में जन्म लेता तो
वह वहीं से जीवन आरंभ करता,
माँ के हृदय के पास से.



मिसेज़ पैरी आजकल कुर्सी पर बैठ कर
डोलती रहती है, बस डोलती रहती है.
और ऐव्रेट्ट उनके पास बैठ कर
उन्हें देखता रहता है
वह देखता है कि माँ मुस्कराती हैं
और गुनगुनाती हैं
और वह मोटी होती जा रही हैं, मोटी होती जा रही हैं.





शिशु,

शायद वह बहन है या शायद भाई,

ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन की माँ पर

बार-बार प्रहार करता है.

“वह बाहर आना चाहता है.

वह हमें देखना चाहता है.”

ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन सोचता है,

“वह मेरे साथ खेलना और हँसना चाहता है.”

“जब सिर्फ हम दोनों थे”
ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन त्योरी चढ़ाता है,
“माँ मेरे साथ खेलती थी
और अब वह दौड़ भी नहीं सकती
और पतंग नहीं उड़ा सकती
और अब उसे आराम करना पड़ता है
दिन में और रात में भी
और अब तो मुझे डांटती भी नहीं.
यह सब मिस्टर पैरी की गलती है,”





मिस्टर पैरी और ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन
थोड़ा टहलने के लिए जा रहे हैं
वह एक-दूसरे के साथ
कुछ समय बिताना चाहते हैं
और आपस में बात करना चाहते हैं.





"मां बदल गई हैं, मैं देख रहा हूँ,"
ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन कहता है.
"मैं तुम्हारी बात से सहमत हूँ,"
मिस्टर पैरी कहते हैं,
"लेकिन अपने मन में हम जानते हैं कि
वह अब भी वही माँ है जो तुम से
बहुत प्यार करती है. चाहे तुम्हारा भाई आए
या बहन, तुम उसके लिए विशेष हो,
तुम उसकी पहली संतान हो ऐव्रेट्ट ऐंडर्सन."



ऐव्रेट्ट और मिस्टर पैरी मुस्कराते हैं
और कुछ समय के लिए दोनों
एक-दूसरे का हाथ पकड़ते हैं.



घर नंबर 14A में हर कोई
प्रतीक्षा कर रहा है.
मिस्टर पैरी और ऐव्रेट्ट माँ की चिंता करते रहते हैं,
“क्या तुम सोना चाहती हो?”



देवियों और सज्जनों,
हमारे लिए शुभ दिन है!
आप को थोड़ी हलचल तो करनी होगी
और हमारे घर आना होगा.
हम आपको
उस नन्हे, प्यारे और आकर्षक
शिशु से मिलवाना चाहते हैं
जो अब हमारे परिवार का
नया सदस्य है,
और बेबी ऐव्लिन
आप सब से कह रही है-
आप कैसे हैं!